16.48 hrs.

Title: Need to reopen Bokaro Thermal Power Station, Plant `A`, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, बोकारो थर्मल पावर स्टेशन 'ए' प्लांट दो वर्ों से बंद है। इससे प्रत्येक माह करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है और हजारों श्रमिक प्रभावित है।

इसी प्रकार दामोदर घाटी निगम में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी प्रदान करने, सी.टी.पी.एस, एवं बी.टी.पी.एस.का खाली और अतिक्रमित भूमि पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत विकास कार्य करने हेतु "अनापत्ति प्रमाण पत्र" जारी करने और अस्थायी मजदूरों को स्थायी करने संबंधी मामले वर्ों से लम्बित पड़े हैं।

उपरोक्त कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी और संबंधित पक्षों द्वारा कई बार वार्ता हुई और सकारात्मक आश्वासन मिला, परंतु निगम के कुछ अधिकारियों द्वारा इस विाय पर कार्यान्वयन नहीं किया जा रहा है। परिणामतः हमारे क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता जा रहा है। सरकार नये थर्मल पावर स्टेशनों को चालू कराने के लिए धन आबंटन करा रही है, वहीं स्थापित थर्मल पावर स्टेशनों को चालू कराने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त सभी कार्यों को जनहित में कराने के लिए तत्काल कदम उठाया जाए।